# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# CURRENT AFFAIR BOOSTER

**22 – 05 – 2023**

**MONDAY**



## 1. म्यांमार की सहायता के लिए भारत ने शुरू किया “ऑपरेशन करुणा”



भारत ने “ऑपरेशन करुणा” शुरू करके म्यांमार में चक्रवात मोचा से प्रभावित लोगों की सहायता करने की पहल की है। 18 मई को, तीन जहाज, अर्थात् भारतीय नौसेना के जहाज शिवालिक, कमोर्ता और सावित्री, खाद्य आपूर्ति, टेंट, आवश्यक दवाएं, पानी के पंप, पोर्टेबल जनरेटर, कपड़े और स्वच्छता वस्तुओं जैसी आपातकालीन राहत सामग्री के साथ यांगून पहुंचे। भारत इस तरह की आपदाओं के दौरान अपने पड़ोसियों का समर्थन करने में हमेशा सबसे आगे रहा है, जो इस क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करता है। हाल ही में म्यांमार में दस्तक देने वाले चक्रवात मोचा को आईएमडी द्वारा एक अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान और वैश्विक मौसम वेबसाइट जूम अर्थ द्वारा ‘सुपर साइक्लोन’ के रूप में वर्गीकृत किया गया है। तूफान बंगाल की खाड़ी में उभरा और 1982 के बाद से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सबसे मजबूत ऑल-सीजन चक्रवात के रूप में दर्ज किया गया है, जिसमें 277 किमी प्रति घंटे की हवा की गति है। तूफान का नाम ‘मोचा’ यमन ने सुझाया है।

## 2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के हिरोशिमा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में की भागीदारी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (PM Modi) G7 शिखर सम्मेलन 2023 में भाग लेने के लिए सम्मेलन स्थल पर पहुंचे. इस दौरान जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा (Fumio Kishida) ने उनका जोरदार स्वागत किया. सम्मेलन स्थल पर पहुंचने से पहले पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ बैठक भी की. इसके बाद उन्होंने हिरोशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का भी अनावरण किया ,दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में चीन के सैन्य विस्तार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर समुद्री विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देते हुए अपनी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. जापानी अखबार योमिउरी शिंबुन के साथ एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए हिरोशिमा की अपनी यात्रा के दौरान कहा कि जी7 और जी20 शिखर सम्मेलन वैश्विक सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मंच हैं.

## 3. चिली के 5,000 साल पुराने पेड़ को दुनिया के सबसे पुराने पेड़ की दी गई मान्यता



चिली में 5,000 साल पुराने पेड़ को आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे पुराने पेड़ के रूप में मान्यता दी गई है। पेड़, एक पेटागोनियन सरू, एलर्स कोस्टेरो नेशनल पार्क में स्थित है और

इसे “महान दादाजी” उपनाम दिया गया है। यह 5,000 और 6,500 साल पुराना होने का अनुमान है, जिससे यह पृथ्वी पर सबसे पुराना जीवित जीव बन जाता है। महान दादाजी का पेड़ एक विशाल नमूना है, जो 28 मीटर लंबा और 4 मीटर (13 फीट) व्यास का है। माना जाता है कि यह सदियों से कई प्रमुख जलवायु परिवर्तनों से बच गया है, जिसमें लिटिल आइस एज भी शामिल है। पेड़ एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है, जिसमें हर साल हजारों आगंतुक इसे देखने आते हैं। महान दादाजी के पेड़ की खोज हमारे जंगलों की रक्षा के महत्व की याद दिलाती है। ये प्राचीन पेड़ हमारे ग्रह की प्राकृतिक विरासत का एक मूल्यवान हिस्सा हैं और वे पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ करना चाहिए कि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहें।

### 4. हिरोशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के हिरोशिमा में महात्मा गांधी की एक आदम कद प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि शांति के गांधीवादी आदर्श दुनिया भर में गूंजते हैं और लाखों लोगों को ताकत देते हैं. मोदी ने एक ट्वीट में कहा, हिरोशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया. हिरोशिमा में यह प्रतिमा एक बहुत महत्वपूर्ण संदेश देती है. शांति और सद्भाव के गांधीवादी आदर्श विश्व स्तर पर गूंजते हैं और लाखों लोगों को ताकत देते हैं. उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रार्थना करते हुए अपनी एक तस्वीर भी संलग्न की. इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री ने अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ भी बैठक की.

### 5. कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ



कांग्रेस के दिग्गज नेता सिद्धारमैया ने कर्नाटक के 30वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। इसके अलावा डीके शिवकुमार ने नई सरकार में उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। आठ अन्य विधायकों को सिद्धारमैया मंत्रीमंडल में जगह मिली। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पहुंचीं। वहीं गैर-भाजपा शासित राज्यों के कई सीएम भी इस मौके पर समारोह में पहुंचे। पढ़िए सिद्धारमैया शपथ समारोह से जुड़े पल-पल के अपडेट्स... मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कर्नाटक के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार चुनाव से पहले पार्टी द्वारा किए गए वादे को पूरा करने के लिए आदेश जारी करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार कर्नाटक के लोगों की अपेक्षा के अनुरूप प्रशासन देगी।ममता बनर्जी और नीतीश कुमार सहित कई उल्लेखनीय नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है, और कार्यक्रम के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। सिद्धारमैया को कांग्रेस विधायक दल का नया नेता भी नियुक्त किया गया है और उन्होंने सरकार बनाने के अपने दावे पर बातचीत करने के लिए कर्नाटक सरकार से मुलाकात की।

### 6. PSU बैंकों का मुनाफा FY23 में 1 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर




सरकारी बैंकों का मुनाफा वित्त वर्ष 2022-23 में एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है। इसमें से आधे से अधिक योगदान देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से आया है। बैंक की ओर से जारी किए गए नतीजों का विश्लेषण करने पर पता चला कि वित्त वर्ष 2017-18 में सरकारी बैंक द्वारा 85,390 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में ये आंकड़ा 1,04,649 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। देश के 12 बैंकों की ओर से मुनाफे में वित्त वर्ष में 2022-23 में 57 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। 2021-22 में बैंकों को 66,539.98 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया गया है। प्रतिशत के संदर्भ में 2022-23 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा सबसे अधिक 126 प्रतिशत बढ़कर 2,602 करोड़ रुपये हो गया है। इसके बाद यूको बैंक का मुनाफा 100 प्रतिशत बढ़कर 1,862 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा का मुनाफा 94 प्रतिशत बढ़कर 14,110 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 2022-23 में बढ़कर 50,232 करोड़ रुपये हो गया है, पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले बैंक के मुनाफे में 59 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है।

## 7. भारत ने म्यांमार सरकार को ₹422 करोड़ के हथियार भेजे: संयुक्त राष्ट्र




संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2021 तख्तापलट के बाद से भारत ने म्यांमार में सेना को 51 मिलियन डॉलर (₹422 करोड़) मूल्य के हथियार और संबंधित सामग्री भेजी है। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक्सपर्ट के मुताबिक ये खरीद म्यांमार की सेना ने उस पर लगी पाबंदियों के बावजूद की है। म्यांमार में मानवाधिकारों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष रैपोर्टेयर, टॉम एंड्रयूज ने कहा कि भारत के अलावा, रूस, चीन, सिंगापुर और थाईलैंड ने भी म्यांमार जुंटा को सैन्य सहायता प्रदान की है। हालाँकि, भारत की सहायता रूस, चीन और सिंगापुर की तुलना में छोटी थी, लेकिन थाईलैंड की तुलना में अधिक थी। म्यांमार की सेना को हथियार देने के मामले में रूस सबसे आगे है। 2 सालों में रूस ने म्यांमार को 4 हजार करोड़ रुपए के हथियार दिए हैं। वहीं, 2 हजार करोड़ के हथियार उन्हें चीन की तरफ से मिले हैं। रिपोर्ट में दावा किया है कि म्यांमार को हथियार और उन्हें बनाने का सामान पहुंचाने में रूस, चीन और भारत की सरकारी कंपनियां भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने कहा कि म्यांमार सेना और उसके हथियार डीलरों ने यह पता लगा लिया है कि सिस्टम में कैसे हेरफेर किया जाए। एंड्रयूज ने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रतिबंधों को पर्याप्त रूप से लागू नहीं किया जा रहा है और जुंटा से जुड़े हथियार डीलर शेल कंपनियां स्थापित करने में सक्षम हैं।

## 8. अमित शाह ने गुजरात के द्वारका में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग कैंपस की आधारशिला रखी




गृहमंत्री अमित शाह गुजरात के द्वारका में एक BSF कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ओखा में नेशनल अकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग (NACP) के स्थायी कैंपस की नींव रखी। यह कैंपस 470 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। अमित शाह ने इस कार्यक्रम में कच्छ जिले में BSF की पांच चौकियों का भी वर्चुअल उद्घाटन भी किया। ये उन 18 तटीय चौकियों में से हैं, जिन्हें 164 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। BSF गुजरात फ्रंटियर ने कहा कि समुद्री सीमा से लगे 9 राज्यों, 5 केंद्र शासित प्रदेशों की समुद्री सीमाओं को मजबूत बनाने के लिए NACP की स्थापना की गई थी। इसको लेकर केंद्र सरकार ने 441 करोड़ रुपए भी मंजूर किए हैं। दो दिवसीय दौरे पर अमित शाह द्वारका के बाद अहमदाबाद और गांधीनगर भी जाएंगे। वे अहमदाबाद में मोदी समुदाय के एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा शाह गांधीनगर नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे गांधीनगर उत्तर विधानसभा सीट पर आयोजित क्रिकेट कॉम्पिटिशन प्रोग्राम में भी शामिल होंगे। वहीं, राज्य सड़क परिवहन निगम की 320 बसों को भी चालू करेंगे।

**ONE LINER**

**किस राज्य में 'उड़ने वाली छिपकली' की प्रजाति मिली है** - मिजोरम

**हाल ही में 'आरबीआई ने कितने के नोटों की' वापसी की घोषणा की है** - 2000

**हाल ही में 'सलमान रुश्दी को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है** - शताब्दी साहस पुरस्कार

**हाल ही में भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के उद्यमी समुदायों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक किस प्रोग्राम को शुरू किया है** - 'स्टार्ट-अप एक्सचेंज प्रोग्राम'

**किस राज्य ने '13वीं हॉकी इंडिया' सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती है** – हरियाणा

**कौन सा राज्य 'सबसे ज्यादा GI Tags प्राप्त' करने की लिस्ट में दूसरे स्थान पर पहुंचा है** - उत्तर प्रदेश

**हाल ही में किसको वेदांता का नया मुख्य वित्तीय अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है** - सोनल श्रीवास्तव

**इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान ने कौन सी अपनी नई किताब लॉन्च की है** - माई लाइफ इन डिजाइन

**मोटे अनाज की खेती को पुनर्जीवित करने और किसानों को समर्थन देने के लिए ओडिशा सरकार द्वारा कौन सी एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा है** - ओडिशा मिलेट मिशन

**हाल ही में एमी पोप को किसका अगला महानिदेशक चुना गया है** - अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम)

**किसको 'संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)' के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली है** - मनोज सोनी

**QUIZ**

**1. हाल ही में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहाँ SCO के कृषि मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की है ?**

a. कोलकाता
b. नई दिल्ली
c. हैदराबाद
d. श्रीनगर

**Ans.** देश की राजधानी दिल्ली में 12 मई 2023, को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों की 8वीं बैठक केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई.

**2. हाल ही में कौन भारत सहित 180 से अधिक देशों में अपने जेनरेटिव AI चैटबॉट 'बार्ड' को रोल आउट करेगा ?**

a. Chat GPT
b. गूगल
c. Zoom
d. अमेजन

**Ans.** गूगल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित अपना चैटबॉट बार्ड एआई भारत समेत 180 से अधिक देशों में लांच कर दिया है। इससे पहले अमेरिका और ब्रिटेन में

इसे लांच किया जा चुका था। बार्ड अंग्रेजी के अलावा अब जापानी और कोरियन में भी उपलब्ध है।

3. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने 'गीता कर्मिकुला बीमा योजना' शुरू की है ?

a. असम

b. गुजरात

c. तेलंगाना

d. मध्य प्रदेश

Ans. तेलंगाना सरकार ने टोडी टैपर्स के लिए एक नई बीमा योजना की घोषणा की है जिसे 'गीता कर्मिकुला भीमा' कहा जाता है। यह योजना किसानों के लिए 'रायथु भीमा' कार्यक्रम के समान है और इसका उद्देश्य टोडी के उन परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जो खेतों में ताड़ के पेड़ों से टोडी इकट्ठा करते समय दुर्घटनाओं के कारण मर जाते हैं।

4. हाल ही में भारत ने कहाँ पहली बार भौतिक संघाई सहयोग संगठन स्टार्टअप फोरम की मेजबानी की है ?

a. नई दिल्ली

b. नागपुर

c. रांची

d. हैदराबाद

Ans. भारत ने नई दिल्ली में पहली बार भौतिक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) स्टार्टअप फोरम की मेजबानी की स्टार्टअप इंडिया, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय ने हाल ही में नई दिल्ली में पहली बार शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) स्टार्टअप फोरम के तीसरे संस्करण का आयोजन किया।

5. हाल ही में UK ने किस देश को लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें दी हैं ?

a. रूस

b. यूक्रेन

c. ऑस्ट्रेलिया

d. जापान

Ans. ब्रिटिश रक्षा मंत्री बेन वालेस के मुताबिक, ब्रिटेन यूक्रेन को 'स्टॉर्म शैडो' मिसाइलें 'दान' दे रहा है. 'स्टॉर्म शैडो' में लंबी दूरी तक लक्ष्य को भेदने की क्षमता है और इसकी मारक क्षमता 250 किलोमीटर से ज्यादा है.

6. किस राज्य में 'उड़ने वाली छिपकली' की प्रजाति मिली है ?

a. असम

b. मिजोरम

c. हैदराबाद

d. श्रीनगर

Ans. भारत के मिजोरम में 'फ्लाइंग गेको' (Flying Gecko) की एक नई प्रजाति खोजी गई है, जिसे राज्य के नाम पर Gekko Mizoramensis नाम दिया गया. इस छिपकली को मिजोरम विश्वविद्यालय और जर्मनी के टूबिंगन में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर बायोलॉजी के शोधकर्ताओं द्वारा खोजा गया है.

7. किस राज्य के 'तुलजाभवानी मंदिर' में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेसकोड लागू हुआ है?

a. तमिलनडु

b. राजस्थान

c. पश्चिमबंगाल

d. महाराष्ट्र

Ans. महाराष्ट्र के के 'तुलजाभवानी मंदिर' में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू हुआ है. इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि धार्मिक स्थल की पवित्रता बनी रहे।मंदिर के अधिकारियों ने प्रवेश द्वार पर भक्तों को बरमूडा, हाफ पैंट या किसी भी खुले कपड़े में परिसर में प्रवेश नहीं करने के लिए बोर्ड लगा दिए हैं।

8. किस के द्वारा लिखित पुस्तक "गट्स ए अमाइट ब्लडबाथ: द अंशुमन गायकवाड़ नैरेटिव" का विमोचन किया गया है?

a. आदित्य भूषण

b. इंदिरा गोस्वामी

c. राधिका झा

d. विश्वनाथ घोष

Ans. आदित्य भूषण की पुस्तक "गट्सए अमाइट ब्लडबाथ: द अंशुमन गायकवाड़नैरेटिव" का विमोचन पूर्वभारतीय टेस्ट क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ ने क्रिकेट क्लबऑफ इंडिया (सीसीआई) में अपनी अर्ध-आत्मकथात्मक पुस्तक "गट्स ए अम्डर ब्लडबाथ" का विमोचन किया।